हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 किसान विपणन सहकारी समिति की 43वीं आम ...


11 महाविद्यालय में मनाई गई छग की रजत जयंती




# भारत को 2047 तक विश्वगुरु बनाना प्रधानमंत्री का है संकल्प

## भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से, रूपरेखा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

भाजपा का 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं योजना निर्माण के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जूंगेरा में किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विश्वगुरु बनाना प्रधानमंत्री का संकल्प है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस मिशन का हिस्सा है। वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को याद करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का श्रेय देते हुए कहा कि यह राज्य खून–खराबा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सोच और जनआंदोलन से बना है। आने वाला वर्ष छत्तीसगढ़ की सिल्वर जुबली का वर्ष होगा। कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें 17 सितंबर रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान हर बूथ पर, स्वास्थ्य शिविर, पीएम मोदी का लाइव संबोधन सामुदायिक केंद्रों पर होगा। 18 सितंबर ▸▸ शेष पेज 10 पर






## खबर संक्षेप

### डोकला में रामधुनी झांकी सम्मेलन 14 को



**गुरूर।** ग्राम डोकला में जय जवान जय सियान समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय रामधुनी झांकी सम्मेलन का आयोजन 14 सितंबर रविवार को रखा गया है। शुभारंभ के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुभद्रा साहू होंगी, अध्यक्षता समिति के गिरधर सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि भूपेश साहू, युवराज साहू, देवचंद साहू, सरपंच त्रिभा अश्वनी बंजारे, सुखीतराम नागवंशी, तुलेश कुमार साहू एवं समस्त पंचगन होंगे। रामधुनी झांकी सम्मेलन के समापन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थी। अध्यक्षता सरपंच त्रिभा अश्वनी बंजारे ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू, जनपद सदस्य संतोषी साहू, जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष भाजयूमो आदित्य पिपरे, प्रमोद सिन्हा, राजेंद्र साहू, पुराणिक सिन्हा लेमंथ कलिहारी एवं समस्त पंचगन होंगे।

### डौंडीलोहारा में प्लेसमेंट कैंप कल

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में 12 सितंबर को आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यवसाय विद्युतकार, फ़ीटर तथा वेल्डर ट्रेड से आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। प्लेसमेंट कैंप में सम्मिलित होने के लिए सभी अपने शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, दो फोटो तथा बायोडाटा लेकर 12 सितंबर को सुबह 10 बजे आईटीआई डौंडीलोहारा में उपस्थित होना होगा।

### पड़ोसियों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** दो पड़ोसियो में वाद विवाद व मारपीट की हो गई, जिसके बाद पीड़ित पक्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमे पुलिस द्वारा तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम हीरापुर निवासी टोमिन बाई साहू ने पुलिस को बताया कि 09 सितंबर को मैं और मेरे पति छेदीलाल साहू दोनो घर के बाहर शाम करीबन 05 बजे बैठे थे उसी समय पड़ोसी शामबाई साहू सायकल चोरी करने की बात को लेकर मेरे पति को गाली गलौज कर रही थी तब मेरे द्वारा मना करने पर शामबाई साहू, उसका लड़का दिलेश्वर साहू एवं उसकी बहू टिकेश्वरी तीनो झगड़ा विवाद कर गाली देने लगे और दिलेश्वर साहू गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये लात से पेट को मारा है तथा शामबाई साहू एवं उसकी बहू टिकेश्वरी दोनो हाथ को पकड़ कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है। मारपीट करने से मेरे दोनो हाथ, पेट, पीठ में दर्द हो रही हैं।

### ढ़ाबे में शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**बालोद।** ढ़ाबा में शराब पीने से मना करने पर दो लोगो ने ढ़ाबा मालिक के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी, जिसके बाद ढ़ाबा मालिक ने दोनो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस द्वारा धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड नं0 41 सृजन विद्या निकेतन के पास छावनी भिलाई निवासी चंदन घोरपडे ने पुलिस को बताया कि ढाबा डंगनिया का संचालन कर रहा हूं। 08 सितंबर को रात्रि 10.30 बजे मैं ढाबा में था, वहां नितिन जोशी, देवराज ठाकुर निवासी कचांदूर मेरे ढाबा में आकर मेरे ढाबा में शराब, बीयर पीने लगे। जिसे मैं व मेरे वर्कर विक्रम, लोकेश द्वारा मना करने पर कचांदूर निवासी नितिन जोशी, देवराज ठाकुर द्वारा ▸▸ शेष पेज 10 पर

शिकायत

कार्रवाई के लिए सर्व हिंदू समाज ने एसडीएम को सौंपा पत्र

# धनोरा-भरदा में ग्रेसी प्रार्थना सभा का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

धनोरा भरदा में एक घर को प्रार्थना सभा बनाकर गैर संवैधानिक तरीके से प्रार्थनासभा करने की शिकायत व इसे तत्काल बंद करने की मांग को लेकर गुरूर ब्लाक के सर्व हिंदू समाज के लगभग 2 दर्जन लोग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पास पहुंचे।

एक पत्र सौंप कर मांग की गई कि ग्राम धनोरा भरदा में एक घर में ग्रेसी प्रार्थना सभा के नाम से हर रविवार को 8 से 11 बजे तक लोगों को एकत्र कर प्रार्थना सभा की जाती है। जिससे आसपास के ग्रामवासियों खासकर हिंदू धर्म के लोगों का मतांतरण का प्रयास किया जा रहा है। इससे सनातन धर्म समाज के सामने एक बड़ा विषय सामने आ रहा है। सर्व हिंदू समाज इस भवन में अवैध प्रार्थना सभा के संचालन से काफी आहात है। इस आयोजन से आसपास के गांवों में धर्मांतरण का खतरा बना हुआ है।



पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर गैर कानूनी तरीके से चलाए जा रहे अवैध प्रार्थना सभाओं पर रोक लगाकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार धनोरा भरदा के भवन में चल रहे प्रार्थना सभा को भी बंद किया जाए।

एसडीएम गुरूर को मांग पत्र सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष भाजपा गुरुर आनंद शर्मा, जयंत साहू, जिला उपाध्यक्ष विहिप चौलेश देशमुख, अध्यक्ष विहिप गुरूर राकेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष गुरूर डाकेश साहू, हिंदूवादी नेता नीलाम्बर साहू, हितेंद्र गंजीर, चुनु राम साहू,कोमल साहू, नारायण लाल यादव, गोविन्द यादव, टेमेश साहू, खिलेश्वर साहू, रवि साहू, राजेंद्र साहू, नीरज सेन, टेमन लाल, बालमुकुंद निषाद व सर्व हिन्दू समाज के अन्य लोग तहसील कार्यालय गुरुर में उपस्थित थे।

कुछ दिन पूर्व गुण्डरदेही पुलिस ने चैनगंज अवैध प्रार्थना सभा में 22 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई थी, जिसमें 14 महिलाओं सहित 8 व्यक्तियों को जेल भी भेजा गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा है कि गुरूर क्षेत्र के कई स्थानों पर घरों में अवैध रूप से लोगों को एकत्र कर प्रार्थना सभा का आयोजन करने की जानकारी आ रही है। ऐसे गैरकानूनी आयोजनों से गांव का माहौल खराब हो रहा है। वहीं ऐसे कार्य करने वाले लोग हिंदू धर्म समाज में फूट डालकर व प्रलोभन का सहारा लेकर मतांतरण का काम करते हैं। ऐसे मामलों में जो भी शामिल है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होना चाहिए।

# घरेलू सिलेंडर के दुरुपयोग 6 दुकानों से 11 सिलेंडर जब्त




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले में घरेलू सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरुपयोग को देखते हुए सहायक खाद्य अधिकारी श्रध्दा दिल्लीवार एवं खाद्य निरीक्षक सुधीर खेस्स तथा खाद्य अमलों द्वारा बालोद नगर मे विभिन्न संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने बताया कि बालोद के गणेश पावभाजी सेंटर, नेताजी होटल सदर रोड, नमो टी–स्टॉल, जनता भोजनालय, छत्तीसगढ़ साहू जलेबी समोसा भंडार, देवांगन टी–स्टॉल जवाहर मार्केट बालोद में घरेलू सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरुपयोग करते पाये जाने पर कुल 11 नग भरा सिलेण्डर जप्त कर छ.ग. द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 की कडिकाओं के तहत कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जिले में आगे भी घरेलू सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरुपयोग को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही जारी रहेगी।

# पी.सी. राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

एनडीए उम्मीदवार पीसी. राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जूंगेरा में एनडीए उम्मीदवार पीसी. राधाकृष्णन के भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उल्लासपूर्वक विजय उत्सव मनाया गया।

इस ऐतिहासिक जीत पर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, सभी जनप्रतिनिधि गण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, तथा समस्त मंडलों से आए मंडल अध्यक्षगण एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिठाई बांटी, पटाखे फोड़े एवं एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना न केवल एनडीए की राजनीतिक ताकत का परिचायक है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र की मजबूती और जनता के विश्वास का भी प्रतीक है। उनके अनुभव, सादगी और राष्ट्रभक्ति से आने वाले समय में देश को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कार्यालय परिसर देशभक्ति भारत माता की जय, वंदे मातरम, भाजपा ज़िंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

# सड़क सुरक्षा पर जोर, शहर में ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

**दल्लीराजहरा ।** शहर और आसपास के क्षेत्र में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सराहनीय पहल की है। अब दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट पहनना पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई तेज कर दी है। यह कदम लगातार हो रहे सड़क हादसों, रैश ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण, प्रेशर हॉर्न और तीन सवारी जैसे मामलों को रोकने के लिए उठाया गया है।

■ शहर में हेलमेट पहनना अब अनिवार्य

बालोद जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह नियम पहले से लागू है, लेकिन अब इसे दल्लीराजहरा में और सख्ती से पालन कराया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि हेलमेट न केवल चालकों की जान बचाता है, बल्कि सड़क पर अनुशासन भी स्थापित करता है। लोगों ने भी इस मुहिम को सकारात्मक रूप में लिया है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की सराहना की है। प्रशासन का यह कदम आने वाले दिनों में हादसों को रोकने और शहर में सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने में अहम साबित होगा। नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा ने बताया की दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट जरूरी है, साथ ही यातायात नियमों का पालन भी किया जाना है, जो हेलमेट नहीं पहनेंगे उनके खिलाफ में कार्रवाई की जाएगी।

# अजजा वर्ग के विकास के लिए जिले के 186 गांवों में आदि कर्मयोगी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित 186 आदिवासी बहुल गांव में अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में आदि कर्मयोगी अभियान रेस्पोंसिव गवर्नेंस प्रोग्राम अंतर्गत कार्यशाला जारी है।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का ग्राम स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षकों द्वारा "आदि कर्मयोगी अभियान" के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी जा रही है, जिसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर चयनित कैडर एवं वालंटियर्स द्वारा अपने गांव के विकास हेतु योजना का निर्माण किया जाना है, जो कि आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर जिले के चयनित आदिवासी गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।





## बीएसपी प्रबंधन और श्रमिक संगठन दोनों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी

# सीमावधि के एक साल बाद भी नहीं हुआ यूनियन चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्लीराजहरा इकाई में हजारों कर्मचारियों का भविष्य मान्यता यूनियन चुनाव टलने के कारण अधर में है। पिछले एक साल से यूनियन चुनाव न होने की वजह से कर्मचारी न तो अपनी बुनियादी समस्याओं का समाधान पा रहे हैं और न ही प्रबंधन से उनकी आवाज़ उठाने वाला कोई सशक्त मंच बचा है। नतीजा यह है कि टाउनशिप और प्लांट से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं जस की तस पड़ी हैं और कर्मचारी रोजमर्रा की परेशानियों से जूझने को मजबूर हैं।

आईडी एक्ट के तहत हर दो साल में मान्यता यूनियन का चुनाव होना जरूरी है, लेकिन 22 सितंबर 2024 को भिलाई इस्पात मजदूर संघ का कार्यकाल खत्म होने के बाद से अब तक कोई चुनाव नहीं कराया गया। बीएसपी प्रबंधन इस मुद्दे पर पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रबंधन जानबूझकर चुनाव टाल रहा है ताकि उसे सवाल पूछने वाला कोई प्रतिनिधि मंच न रहे और वह समस्याओं को ठंडे बस्ते में डालकर पल्ला झाड़ सके।



दल्लीराजहरा परिवहन संघ ने भी बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला है, लेकिन उस पर भी केवल राजनीति का आरोप लग रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि संघ और यूनियनें मिलकर अगर ठोस आंदोलन करते तो प्रबंधन को झुकना पड़ता, लेकिन सब अपनी-अपनी ढपली बजा रहे हैं।

इस संबंध में संयुक्त खदान मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता कमलजीत सिह मान कहते हैं चुनाव शीघ्र ही कराया जाएगा और हमारा संगठन यूनियन मान्यता प्राप्त है।

### श्रमिक संगठन भी रस्म अदायकी में व्यस्त

हालात और खराब इसलिए हैं, क्योंकि खुद श्रमिक संगठन भी कर्मचारी हितों की लड़ाई लड़ने की बजाय केवल औपचारिकताएं निभा रहे हैं। दर्जनभर से ज्यादा यूनियनें बीएसपी से जुड़ी हुई हैं—इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, बीएमएस, एक्टू और लोकल संगठन जैसे स्टील वर्कर्स यूनियन, बीडब्ल्यूयू, इस्पात श्रमिक मंच, बीएकेएस और कर्मचारी यूनियन। ये संगठन आए दिन प्रबंधन से मुलाकात कर समस्याएं उठाने का दावा करते हैं, लेकिन असलियत यह है कि सिर्फ आश्वासन मिलता है और ठोस परिणाम शून्य है। कर्मचारियों के बीच गुस्सा है कि यूनियनें सिर्फ दिखावटी आंदोलन कर रही हैं, असली दबाव बनाने की न तो इच्छाशक्ति है और न ही रणनीति।

# ट्रक की ठोकर से बाइक चालक घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

रामधुनी देखने के बाद युवक को देर रात वापस घर छोड़ने के दौरान दो बाइक चालक युवको को ट्रक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसके बाद घायल युवक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस द्वारा धारा 184, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम दानीटोला निवासी चुम्मन लाल भुआर्य ने पुलिस को बताया कि रात्रि में गांव में रामधुनी का कार्यक्रम था। जिसे देखने के लिये ग्राम सुवरबोड़ के टीएस दास मानिकपुरी जो मेरे छोटे भाई चन्दन भुआर्य का दोस्त है, आया था। जिसे उसके घर छोड़ने के लिये मेरा छोटा भाई हमारे मोटर सायकल प्लेटिना सीटी 100 क्रमांक सीजी 04 एमडी 2309 से ग्राम सुवरबोड़ जाने के लिये गांव से निकले थे तभी मुझे कुछ देर बाद रात्रि करीबन 10.30 बजे सूचना मिला कि मेरे छोटे भाई और टीएस दास मानिकपुरी का ग्राम गुजरा मेनरोड़ मोड़ के पास एक्सीडेन्ट हो गया है। तब मैं अपने दोस्त युवराज नेताम एवं धनसिंग नेताम को साथ में लेकर घटना स्थल आये देखे, घटना स्थल पर दोनो घायल अवस्था में रोड़ में पड़े थे मेरे भाई चन्दन के बाएं जांघ, सीना, पीठ में तथा टीएस दास मानिकपुरी के बाएं जांघ में चोट आकर खुन निकल रहा था।

मेरे भाई को मौके पर घटना के संबंध में पूछने पर बताया कि हमारे मोटर सायकल को टीएस मानिकपुरी चला रहा था। तभी ट्रक क्रमांक सीजी 08 जेड 8969 के चालक ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### विसर्जन में युवक से मारपीट तीन आरोपी पर केस दर्ज

**बालोद।** शहर में गणेश विसर्जन पर झांकि देखने आए युवक के साथ तीन लोगो ने मारपीट कर दी, जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस द्वारा धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम करहीभदर निवासी धनंजय साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम पंचायत करहीभदर का उपसरपंच हूं 09 सितंबर को श्री गणेश विसर्जन झांकी देखने गांव के अपने दोस्त गितेश साहू के साथ बालोद आया था, इस दौरान करीबन रात्रि 02 बजे नया बस स्टैण्ड ऊपर चौपाटी के पास झांकी देख रहा था। उसी दौरान बालोद के रेल्वे कॉलोनी निवासी नितेश यादव, उमेश सिरदार एवं दिनेश निषाद तीनो आपस में वाद विवाद हो रहे थे तथा मुझे उंगली दिखाकर यही है। कहते हुए तीनो एवं अन्य उसके दोस्त एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी चमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दिनेश निषाद ने अपने हाथ में पहने चुडा से मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख के नीचे चोट आकर खून निकल रहा है तथा हाथ मुक्का से मारने से पूरा चेहरा, सिर में काफी दर्द है।

### बाढ़ आपदा से निपटने वीडियो कांफ्रेसिंग हुई

**बालोद।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु वीडियो कांफ्रेसिंग का आयोजन किया गया। वीडियों कांफ्रेसिंग में जिले के नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु टेबल टॉप एक्सरसाईज का आयोजन 23 सितंबर तथा मॉक एक्सरसाईज 25 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

### विभिन्न प्लेटफॉर्म पर डिजिटल मार्केटिंग साक्षरता कार्यशाला 25 को

**बालोद।** उद्योग विभाग द्वारा रैम्प योजना के अंतर्गत बीडीएसपी से संपर्क एवं विभिन्न प्लेटफॉर्म पर डिजिटल मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन 25 सितंबर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद के महाप्रबंधक ने बताया कि इस कार्यशाला में जेम टीम रायपुर द्वारा जिला स्तरीय शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को विभागीय निविदा प्रक्रिया हेतु जेम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोर्डिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने, प्रकाशित करने एवं निविदा खोलने की प्रक्रिया आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही एमएसएमई को विक्रेता के रूप में जेम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, उत्पाद कैटलॉग बनाने एवं निविदाओं में भागीदारी हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बैठक में संबंधित सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती मूल्यांकन सूची जारी, दावा-आपत्ति 19 सितंबर तक

**बालोद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही के अंतर्गत ग्राम सुखरी, मोखा, कोंगनी और मचौद के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रें के मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर जारी सूची में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर 19 सितंबर तक कार्यालयीन समय 10 बजे से 5.30 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही में दावा आपत्ति प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## कार्यशाला

### मंडल स्तरीय कार्यशाला में तय हुए सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम

# सेवा परमो धर्म की भावना से कार्य करें कार्यकर्ता: रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल द्वारा जैन भवन जामगांव आर में मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता रोहित साहू थे, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, जनपद सभापति रवि सिन्हा, भाजपा नेता रूपसिंह सिन्हा, मछुवारा संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम निषाद, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू मंचासिन रहे।

अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत भाजपा नेता निर्मल जैन नरेश केला मेघनाथ सागरवंशी, भगवान चंद्राकर, बेनीराम साहू, अरुण चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, चंद्रिका चंद्राकर, जिनेश जैन, अंगेश्वर साहू, लूभम बंछोर, देवानंद देवांगन, यशवंत यादव, तीरथ पटेल, अभिषेक सेन, प्रदीप धनकर, गायत्री यादव, मनीष जैन ने किया। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने दिए मार्गदर्शन, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने स्वागत भाषण में रखी अपनी बाते।

**सेवा परमो धर्मः की भाव से काम करे भाजपा नेता कार्यकर्ताः** कार्यशाला के मुख्य वक्ता जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिवस 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 महात्मा गांधी जयंती तक भाजपा बूथ से लेकर मंडल प्रदेश और देश भर में सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर आमजनता की सेवा करते हुए स्वच्छता पर्यावरण एक पेड़ मां के नाम ,रक्तदान शिविर , स्वास्थ शिविर,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती गांधी जयंती सहित आयोजन करते हुए एरिया के हाईस्कूल कॉलेजों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन का अभियान चलाएगी।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा सेवा परम धर्म की भावना के साथ सक्रिय भागीदारी अदा करे केवल फोटो खिंचाने के लिए दिखावा से बचे। साहू ने ओकल फॉर लोकल पर ध्यान आकर्षित किए।






### पखवाड़ा में कब कहां क्या होगा मंडल स्तरीय आयोजन तय किया गया

मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू महामंत्री निर्मल जैन ने बताया कि भाजपा नेता योगेश्वर साहू गुमान साहू के नेतृत्व में 17 सितम्बर 2025 को कौही मंदिर की साफ सफाई करके मंडल स्तरीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। 17 सितम्बर 2025 को ही रानीतराई, जामगांव आर, बेलहरी, बटरेल, भरर के स्कूल कॉलेजों में चित्रकला प्रतियोगिता समिति अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। 20 सितंबर 2025 को मण्डलस्तरीय एक पेड़ मां के नाम पौंधारोपण जामगांव आर में भगवान सिंह चंद्राकर मुकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। बटरेल में रक्त दान शिविर संभावित है। 23 सितम्बर 2025 को सुरपा में स्वास्थ शिविर का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारद साहू एवं मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन के नेतृत्व में आयोजित होना तय किया गया। 25 सितम्बर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी और 2 अक्टूबर 2025 को निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू जनपद सभापति रवि सिन्हा के मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। संचालन मंडल महामंत्री निर्मल जैन एवं आभार सेवा पखवाड़ा संयोजक जिनेश जैन ने किया।

# जेम पोर्टल और जीएसटी पर हुआ प्रशिक्षण, कर्मचारियों को मिली जरूरी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत बाालोद के सभाकक्ष में जेम पोर्टल एवं जीसीटी, टीडीएस के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत तथा अन्य विभाग के कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। कार्यशाला के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि कितनी राशि पर जी.एस.टी. कटौती की जानी है एवं निर्धारित समय अवधि में भुगतान किया जाना है। कार्यशाला में जी.एस.टी. के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके फलस्वरूप गुगतान संबंधित कार्यों का आसानी से किया जा सकेगा।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक राकेश तिवारी जी द्वारा बताया गया कि जेम पोर्टल में किस तरह के पंजीयन किया जाता है एवं पोर्टल में क्रय तथा अन्य प्रक्रियाओं को जीवान्त रूप से प्रदर्शित किया गया है। प्रशिक्षक द्वारा क्रय पोर्टल में पंजीयन कि प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद केटलोक के संबंध में जानकारी दी गई।

# रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम किल्लेकोडा में गणेश विसर्जन बाद रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा तथा अध्यक्षता जयलाल मालेकर व विशेष अतिथि सुश्री निलिमा श्याम, मंजू संजय बैस, हेमलता विश्वकर्मा, निर्भय भंडारी, चंद्रशेखर तारम के साथ नाथूराम शिवना, गोदावरी बाई, लक्ष्मीबाई भंडारी, छन्नू राम भंडारी, अधन सिन्हा, अशोक सिन्हा, रामधीन, नीतराम कोराटिया, यादव राम कोटवार, डोमार कोरसिया एवं मंगल सिंह गांवरे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कांति प्रकाश ने कहा मैं पहली बार किल्लेकोड़ा आई हूं, आज के इस प्रतियोगिता को देखकर मैं बहुत खुश हूं, जितने भी प्रतिभागी आए हैं उन सबको मेरी शुभकामनाएं। जयलाल मालेकर ने कहा आज बहुत सारी टीम यहां अपने कार्य कुशलता प्रदर्शित करने आए हैं। अच्छे परफॉर्मेंस देते हुए आज की इस प्रतियोगिता में अपना स्थान प्राप्त करेंगे।

# ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का माध्यम बना बिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसके तहत जिले में महिलाओं का समुदाय आधारित स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संगठन के रूप में वृहद् फेडरेशन तैयार हुआ है, जिसका संचालन, प्रबंधन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

- अब महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर है अग्रसर

इससे कुशल नेतृत्व का विकास एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है, इसी का परिणाम है, कि महिलाएं अब संगठनों के संचालन के साथ-साथ विभिन्न स्व-रोजगार एवं आजीविका मूलक गतिविधियों में संलग्न होकर अपने कौशल को निखार रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न आय सृजन कार्यों से जोड़कर 'लखपति दीदी' बनाने की व्यापक पहल प्रारंभ की गई है।

जिसके अंतर्गत जिले में कृषि एवं कृषि संबंध गतिविधियों के अधिक संभावनाओं के दृष्टिगत स्व-सहायता समूह के महिलाओं द्वारा हल्दी, धनिया, मिर्च, मसाला, आचार, पापड़ जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं का निर्माण बड़ी मात्रा में किया जा रहा है। जिसका विक्रय समूह की दीदीयों द्वारा स्थानीय व्यापारियों, हॉट बाजारों में किया जाता है। इन उत्पादित सामाग्रियों से सहायता समूह की महिलाओं विक्रय बढ़ाने में स्थायित्व प्रदान करने उत्पादकों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों से लिंक किया गया है। इसका प्रारंभ विकासखंड गुरूर से प्रारंभ कराया गया, जहां महिला बाल विकास द्वारा संचालित 240 आंगनबाडी केन्द्रों में सूखा राशन प्रदाय बिहान की सदस्यों द्वारा किया जा रहा है, जनपद पंचायत गुरूर के बीपीएम लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि विकासखंड गुरूर के आंगनबाडी केन्द्र 9 सेक्टर में विभाजित है। एसएचजी उत्पादों को बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने हेतु इन्हे विभिन्न संस्थाओं में लिंक कराने मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री महोदय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर महोदया जिला पंचायत ब्न्० के निर्देशानुसार सुखा राशन के मांग आकलन कर प्रत्येक सेक्टर हेतु 01 एसएचजी सामाग्री आपूर्ति हेतु चयनित किया गया है तथा प्रत्येक माह लगभग 12 से 15 लाख के विभिन्न सामाग्री यथा हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाला, तेल, गुड़, सिलेंडर, हरी सब्जी, आचार आदि जिसमें से अधिकतर उत्पादों का निर्माण समूह के दीदीयों द्वारा ही किया जाता है।

ग्राम चुलहापथरा की भवानी स्व-सहायता समूह की दिनेश्वरी साहू बताती है कि हमारी समूह द्वारा विगत 02 वर्षों से 02 सेक्टर से 50 से 60 आंगनबाडी केन्द्रो में सूखा राशन प्रारंभ कराया जा रहा है। प्रारंभ में उत्पादों को बाजार से क्रय कर आपूर्ति की जाती थी किंतु बिहान के सहयोग से मेरे द्वारा प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है अब मैं मसाले, बेसन आदि उत्पादों का निर्माण में स्वयं करती है। इससे हमें अब तक 22.50 लाख आय एवं 2.80 का शुध्द लाभ भी प्राप्त हुआ है। इस प्रकार उत्पादों के स्थानीय विक्रय व्यवस्था से हमारी आमदानी के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा है इस पहल हेतु प्रशासन एवं बिहान को धन्यवाद ज्ञापित करते है।

## पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया ...



**जामगांव आर।** ग्राम धमना में 10 वर्षों से सतत आयोजित करने वाली गणेश उत्सव समिति ने बड़ी धूमधाम से गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान बच्चे व युवा बड़ी संख्या में गणपती बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे के साथ भक्ती गीतो पर नाचते गाते दिखे।

## सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने कुपोषण मुक्ति अभियान के तहत दो बच्चों को लिया गोद



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ के 03 वर्षीय बालक पुष्पराज एवं ग्राम चरोटा के 11 माह के प्रिंस को गोद लेकर इन दोनों बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने हेतु समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। सीईओ चंद्रवंशी ने जिला पंचायत स्थित अपने कक्ष में कुपोषित बच्चों एवं उनके परिजनों से भेंट किया। चंद्रवंशी ने कुपोषित बच्चों के माताओं एवं उनके परिजनों को कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु इन बच्चों के खान-पान एवं उनके समुचित परवरिश के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# 'संगम अभियान' है महिलाओं के जीवन स्तर उठाने का बेहतर माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

'संगम अभियान' छत्तीसगढ़ के गुरूर में महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) योजना के तहत विभिन्न कार्यों को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए सरकारी विभागों के बीच समन्वय और तकनीकी दक्षता को मजबूत करना है।

अभियान के मुख्य पहल 'संगम अभियान' के अंतर्गत, ग्राम पंचायत स्तर पर भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तकनीक का उपयोग करके ग्राम-योजना और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया है। यह अभियान महिला नेतृत्व में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल प्रबंधन, कृषि विकास और आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देता है। इसका लक्ष्य एक स्थायी और समृद्ध ग्रामीण विकास मॉडल स्थापित करना है। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और पारदर्शी योजना के साथ, मनरेगा योजना के तहत समावेशी विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।



**समृद्धि महिला स्व-सहायता समूह : सफलता की कहानीः** 'संगम अभियान' महिला स्व-सहायता समूहों के गठन और सशक्तिकरण का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी कड़ी में, घोघोपुरी के समृद्धि महिला स्व-सहायता समूह ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। ग्राम पंचायत ने इस समूह को मासिक किराए पर एक वर्किंग शेड सौंपा, जहाँ समूह की महिलाओं ने अगरबत्ती निर्माण का काम शुरू करने का फैसला किया। समूह को आर्थिक सहायता और बिहान योजना के तहत प्रशिक्षण मिला। जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास मद से समूह को 7 अगरबत्ती बनाने वाली मशीनें भी दीं। पिछले 3 वर्षों से, यह समूह अगरबत्ती बनाकर प्रति माह 30,000 रुपये की आय अर्जित कर रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

## भूतपूर्व और वर्तमान छात्रों की एलुमनी बैठक में हुई शैक्षिक प्रगति पर चर्चा

# विविध कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं के साथ सम्पन्न हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन करते हुए विद्यार्थीयो को विभिन्न अभ्यास के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई तथा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतिम दिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे स्पीड रिडिंग छात्र, छाछयों से कराया गया। जिसमें छात्र, छात्रें के समझ के साथ तेज गती से पढ़ने की अभ्यास हुआ।

द्वितीय दिवस विविध प्रकार के प्रदर्शिनी का आयोजन विद्यालय में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की मानचित्र पर नदी पहाड़ों एवं शहरों ज्ञान कराया गया। कक्षा 10वी छात्र सोमेश कुमार ने मैनपाठ का सोल कटआउट बनाकर आकर्षक प्रस्तुती दिये। 31 अगस्त को भुतपूर्व विद्यार्थियों को वर्तमान अध्ययनरत छात्र, छात्रओं के साथ ऐलुमनी बैठक कर 2000 से 2025 तक छत्तीसगढ़ में शैक्षिक प्रगति पर वाद-विवाद किया गया। 01 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य में 25 वर्षों में हुए व्यापक बदलाव कर शिक्षक प्रदीप साहू के द्वारा प्रश्न मंथ कराया गया। जिसमें सभी विद्याथएँ उत्साहपूर्वक भाग लिए। 02 सितंबर को अध्ययनसा छात्र, छात्रओं द्वारा अपने गांव एवं राहवासी क्षेत्र का इतिहास लेखन कराया गया। 03 सितंबर को 9वी, 10वी, 11वी एवं 12वी के छात्र, छात्रओं का कक्षाशः भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मिनाक्षी 12वी एवं नंदनी कक्षा 9वीं का भाशण श्रेष्ठ रहा। 04 सितंबर को मेरे सपनों के स्कुल पर छाओं एवं शिक्षकों ने अलग-अलग अपनी बात सुनाया। व्याख्याता रेखा देशमुख ने बतायी कि अपने विद्याथएँ जीवन में प्राथमिक स्कूल की साफ-सफाई स्वयं करना तथा जमीन पर बैठकर पढ़ने की विषेशता बतायी। 05 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मानसिंह तारण एवं सरपंच हरखराम बरे उपसरपंच गोपेन्द्र विस्दा के आतिथ्य में प्राचार्य भागवत चतुर्वेदी के साथ सभी शिक्षक स्टाफ को प्रतिक विन्ड लेखनी, साल एवं श्रीफल भेटकर सम्मान किया गया। जिसमे सभी को परिचय पट्टिका विषेश रूप से प्रदाज किया गया।

सरपंच हरखाराम खरे ने नेवता भोज के रूप में विद्यालय के सभी छात्र/छात्रओं को खिलाया। 06 सितंबर को जयंती पर विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में विद्यालय में स्थापित गणेशजी की मूर्ति का विसर्जन करा द्वारा भोजली विसर्जन किया गया। 07 सितंबर एवं 10 सितंबर को पुस्तक वाचन दिवस के रूप में पालकों एवं शाला प्रश्न समिति के सदस्यों को आमंत्रित कर पुस्तक वाचन किया गया। जिसने वाचन करने की क्षमता का विकास हुआ।

## पेज 9 के शेष

### भारत को 2047 तक ...

प्रदर्शनी पीएम मोदी के जीवन पर आधारित लगाई जाएगी। 19-21 सितंबर तक रक्तदान शिविर द्वितीय चरण, प्रबुद्धजन संवाद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, पुस्तक प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा। 21 सितंबर को नमो मैराथन युवा मोर्चा द्वारा आत्मनिर्भर भारत थीम पर होगा। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, पुष्पांजलि, पौधारोपण, संगोष्ठी, लोकल फॉर वोकल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 27-28 सितंबर तक प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, दिव्यांग उपकरण वितरण, मोदी जी को शुभकामना संदेश दिया जाएगा। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि, खादी वस्त्र प्रोत्साहन, चित्रकला प्रतियोगिता, नमो वन/नमो पार्क गतिविधियां संचालित होगी। प्रमुखता से जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस सेवा पखवाड़ा को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक आयोजित करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक आयोजित होने वाले सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु आयोजित की गई है। इस कार्यशाला कार्यक्रम का सफल संचालन एवं कार्यक्रम के विषय को लेकर जानकारी जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने दी। इस कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री श्रयशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, वरिष्ठ नेता लेखराम साहू, कार्यक्रम संयोजक ठाकुर रामचंद्राकार, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव एवं सौरभ लूनिया, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा की पदाधिकारीगण एवं समस्त मंडल अध्यक्षगण, जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रकोष्ठ एवं जिले के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ट्रक की ठोकर से ...

द्वारा अपने ट्रक को तेज लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते लाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसे हम लोग दोनो घायल को प्रायवेट साधन से ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद में भतएँ किये प्राथमिक उपचार बाद डाक्टर द्वारा टीएस मानिकपुरी को रिफर करने पर एम्स अस्पताल रायपुर में भतएँ कर उपचार जारी है।

### ढ़ाबे में शराब पीने से ...

गालियां देते व जान से मारने व ढाबा बंद कराने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व नितिन जोशी बीयर बोतल से मारपीट किया है। जिससे मेरे गले, जीभ व गाल में चोंट लगा है।

## खबर संक्षेप



### स्कूलों में छग की रजत जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बालोद जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवागहन एवं गुरूर विकासखण्ड के संकूल केन्द्र बोहारा अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवागहन के प्राचार्य ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विद्यालय में पुस्तक वाचन, क्विज प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, भाषण, स्पीड रिडिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इसी तरह संकूल केन्द्र बोहारा के सकुंल समन्वयक ने बताया गया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर संकुल अंतर्गत सेजेस बोहारा, शासकीय एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोहारा, प्राथमिक शाला सनौद, डोटोपार, ओझागहन में पुस्तक वाचन दिवस मनाया गया।

### जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बालोद।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में लोगों को उपभोक्ता से ऊर्जादाता बनाने तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जागरूकता वाहन द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रें का भ्रमण कर सौर ऊर्जा के फायदों तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और इसके अंतर्गत मिलने वाली सब्सीडी के संबंध में लोगों को जानकारी दिया जाएगा। सामान्य नागरिक इस योजना से जुड़ने के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद विद्युत वितरण कंपनी और अधिकृत विक्रेता द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। फिर सोलर पैनल की इंस्टॉलेशन होगी और उसके बाद सब्सिडी की राशि उपभोक्ता के खाते में सीधे जमा होगी। जिले में जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं जिससे अधिक से अधिक लोग योजना से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

आयोजन : कॉलेज में छात्रों ने रखी 'मेरे सपनों का छत्तीसगढ़' की परिकल्पना, जागरूकता रैली भी निकाली गई

# महाविद्यालय में मनाई गई छग की रजत जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर


■ जॉब फेयर और क्विज प्रतियोगिता के साथ मनाई गई रजत जयंती

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष के स्वर्णिम सफर को रजत जयंती के रूप में मनाया।

महाविद्यालय में दो दिवसीय रजत जयंती कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन में पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन बड़े उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विशिष्ट भरर सरपंच कौशल्या साहू और पूर्व सरपंच छबि लाल साहू ने अपनी गरिमा मय उपस्थिति प्रदान किए। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के सफर को शॉर्ट मूवी के रूप मे दिखाया गया और राज्य स्थापना के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान पर कृतज्ञता प्रगट की गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्षों के सफर में सरकार की विभिन्न योजनाओं को साझा करते हुए युवाओं को इसे भारत का आदर्श राज्य बनाने हेतु प्रेरित किया जिसमें नई तकनीक के साथ देश की



संस्कृति से जुड़े रहने की कोशिश भी शामिल हो। ग्राम भरर की सरपंच श्रीमती कौशल्या साहू ने महिला शिक्षा के साथ राज्य उन्नति के संकल्प को समझाया और शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया। महाविद्यालय की छात्रओं ने मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर अपने विचार रखे। छात्र छात्रओं ने महिला सुरक्षा के साथ देश विकास की बात रखी। इसके बाद सभी अतिथियों को श्रीफल और शाल प्रदान करके महाविद्यालय विकास मे सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापन प्रदान किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के द्वारा महाविद्यालय के वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्र-छात्रओं के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रिज्म ग्रुप के प्लेसमेंट अधिकारी के रूप में कंचन गांगुली, आशीष साहू, जागेश्वर साहू की टीम उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब फेयर के लिए रिक्वायरमेंट हेतु आवश्यक नियम समझाएं और उनका लिखित परीक्षण करवा कर शॉर्टलिस्ट करने की प्रक्रिया पूरी की। महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्रओं ने इस लिखित परीक्षा में अपना अपनी सहभागिता दी।

इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं क्विज का आयोजन किया गया क्विज मास्टर की भूमिका मनोज यादव ने निभाई। छत्तीसगढ़ स्थापना से संबंधित विभिन्न प्रश्न और योजनाओं पर विद्यार्थियों की जानकारी को परखा गया। सभी प्रतिभागियों के साथ विजेता छात्र-छात्रओं को पुरस्—त भी किया जाएगा। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ अरुणेंद्र तिवारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नरेश धर दीवान द्वारा किया गया। प्रथम दिवस के समापन के बाद दूसरे दिन महाविद्यालय के छात्र-छात्रओं ने राज्य की विभिन्न योजनाओं को लोकप्रिय और जनता तक पहुंचाने के लिए विशाल रैली का आयोजन किया।

इसी रैली में विद्यार्थियों ने साक्षरता जागरूकता के नारे भी लगाए। जागरूकता रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस के विभिन्न विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी क्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्रओं को भी आमंत्रित किया गया और जामगांव आर महाविद्यालय में प्रथम एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। बड़े ही हर्ष की बात है कि महाविद्यालय के पूर्व विद्याथऍ न केवल शिक्षा, आमऍ, व्यवसाय क्षेत्र में अग्रसर है बल्कि वह स्वयं को इस महाविद्यालय से जुड़े रहने के लिए संकल्पित भी रखते हैं। सभी एल्यूमिनी विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा किया तथा महाविद्यालय के विकास में सहयोग को दोहराया। कार्यक्रम के इसी क्रम में छात्र-छात्रओं द्वारा सांस्—तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कला, वाणिज्य और विज्ञान की छात्रओं ने छत्तीसगढ़ संस्—ति और छत्तीसगढ़ महतारी पर बहुत ही सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही एलुमनी विद्याथऍ वेद प्रकाश साहू ने भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ नरेश धर दीवान, डॉ आबिद हसन खान, ऐश्वर्य ठाकुर, डॉ संतोष पांडे, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, डॉ लता मारकंडे, प्रियम वैष्णव, मेज राम जोशी, पूरणमल शर्मा, गिरीश देशपांडे, आरडी भूआर्य, उमेश, कमलेश विश्वकर्मा, रानी चांदनी सहित सभी का योगदान रहा। विद्यार्थियों ने वेदप्रकाश, थानेश्वर, जिनेश, प्रवीण, नमन, हितेश, मोहिनी, ऐश्वर्या, पलक का योगदान रहा।

## शिवेन्द्र बहादुर को मिला उत्कृष्ट व्याख्याता का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर को उत्कृष्ट व्याख्याता का सम्मान प्रदान किया गया।

इसका उद्देश्य सीखने को अधिक प्रभावी, प्रासंगिक और छात्र-केंद्रित बनाना है। यह केवल नई तकनीकों का उपयोग करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समस्याओं को नए तरीके से देखना, समाधान खोजना और शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को निरंतर बेहतर बनाना शामिल है। शिवेन्द्र बहादुर का मानना है कि शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से पुनः जोड़ना व विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा के लिए जागरूक करना अतिआवश्यक है, साथ ही सामुदायिक सहभागिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिवेन्द्र बहादुर की इस उपलब्धि पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी, डोंगरमल रामटेके, आलोक विश्वकर्मा, किरण शिवाने, मीनाक्षी आर्य, बबीता दीवान, अर्पणा वर्मा, नंदिनी जोशी, रीमा सोरी, उर्मिला तारम, धर्मिता देहारी, लालिमा रात्रे, तीजूराम कुमेटी, भागवत इंदौरिया, निशा साहू, शशांक साहू, राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता ऐनुका शार्वा, डुप्ले साहू, अविनाश साहू, बीरबल देशमुख, बृजमोहन मानिकपुरी, खेमंत साहू, अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव, कपिल पटेल, हेमंत साहू,केशव देशलहरे, लवन साहू, सौरभ शर्मा, राकेश जोगी, संतोष मंडावी, बलराज गौर, राजेंद्र देवांगन, छगन बंछोड़, गुमान सिंह महिलेश्वर, उमाशंकर कृषाण, दिनेश कुमार धरमगुड़े, लक्ष्मी गंजीर, परमानन्द साहू, रविन्द्र नाथ योगी,टोमन मालेकर, डॉ. बी एल साहसी, नरेंद्र यादव, तेजस्वी नाथ योगी, भुवन देवांगन, राज कुमार दीवान, पूनम चंद्राकर, अश्वनी देवांगन, गोमती पटेल, विजय यादव, सुधीर कुमार यादव, सचिन यादव, पोमेश्वरी ठाकुर आदि ने बधाई दी।

## माध्यमिक शाला के छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया गया।

छात्रों ने हस्त-निर्मित आमंत्रण कार्ड बनाकर कार्यक्रम में आने के लिए शिक्षकों को आमंत्रित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक के सभी शिक्षकों को बैंड बाजे और पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, जहां स्वागतम क्लैप्स द्वारा स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना एवं पूजन पश्चात बच्चों द्वारा अपने शिक्षकों को हस्त- निर्मित पेपर फ्लावर भेंट कर और गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। शिक्षिका निशा साहू ने स्वागत भाषण में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राधा कृष्णन ने अपना जन्म दिवस ही शिक्षकों के सम्मान में समर्पित कर दिया, क्योंकि वे शिक्षा के महत्व को बखूबी जानते थे। छात्रों द्वारा शाला






में शिक्षक दिवस का आयोजन करना उनको एक मंच प्रदान करता है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति मन के भावों और कृतज्ञता को ज्ञापित कर सकें।

कार्यक्रम का संचालन शाला नायक जयप्रकाश एवं उप शाला नायक गीतांजलि ने किया तथा निर्देशन शिक्षिका निशा साहू ने किया।

प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने छात्रों के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने बड़ी मेहनत से व्यवस्थित रूप से शिक्षक दिवस का शाला स्तर पर आयोजन कर शिक्षकों के प्रति भावनाओं को व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य घरेन्द्र, संकुल समन्वयक बगईकोन्हा रूपराम गोटे, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक टेमनलाल राणा, शिक्षक वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू, सहायक शिक्षिका केसर साहू, छात्र जयप्रकाश, गीतांजलि, राखी मोनिका, भावना, साक्षी, वेदिका सहित प्राथमिक और माध्यमिक के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास को श्रद्धांजलि देने संत राम बालक दास दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा/बालोद

श्री पाटेश्वर आश्रम मां कौशल्या धाम के संचालक संत श्री राम बालक दास मंगलवार को 50 भक्तों के साथ नई दिल्ली के लिए



रवाना हुए। वे वहां प्रसिद्ध महामंडलेश्वर श्री राम कृष्ण दास महात्यागी, जिन्हें 'मचान वाले बाबा जी' के नाम से जाना जाता था, को श्रद्धांजलि देंगे। पत्रकारों से बातचीत में संत राम बालक दास ने बताया कि मचान वाले बाबा जी का विगत गणेश चतुर्थी के दिन साकेत गमन (निधन) हो गया। वे भारत के विशिष्ट संतों में गिने जाते थे और हमेशा मचान पर ही अपना आसन लगाते थे। 12 सितंबर को दिल्ली के प्रसिद्ध रामलीला मैदान में पूरे भारत के संत उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित होंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ की ओर से वे भी शामिल होंगे। संत राम बालक दास जी ने बताया कि मचान वाले बाबा जी का छत्तीसगढ़ के प्रति गहरा स्नेह था। वे पाटेश्वर धाम के संस्थापक राजयोगी बाबा जी के गुरु थे और इस नाते संत राम बालक दास जी के दादागुरु भी थे। इसी वजह से छत्तीसगढ़ में लाखों लोग उन्हें दादागुरु के रूप में सम्मान देते थे।

### 7 अक्टूबर को पाटेश्वर आश्रम में श्रद्धांजलि सभा

संत राम बालक दास जी ने बताया कि दादागुरु देव को श्रद्धांजलि देने के लिए 7 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों के संत और हजारों भक्त शामिल होंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के भी आने की संभावना है।

## जिले में जजा वर्ग कल्याण के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ डौण्डी ब्लॉक के चयनित 66 गांवों के लिए बनाये गए 20-20 वालंटियर्स

आदि कर्मयोगी अभियान रेस्पोंसिव गवर्नेंस प्रोग्राम के अंतर्गत बालोद जिले के 186 आदिवासी बहुल ग्रामों में जनजातीय वर्ग के कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आज 9 सितंबर से विकासखण्ड मुख्यालयों में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है।

इसके अंतर्गत आज जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के कुल 66 गांवों में गांव के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, साधना सोरी, झमित बाई धलेन्द्र एवं रत्ना



हिरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। डौण्डी विकासखण्ड में आज आयोजित पहले दिन के कार्यशाला में विकासखण्ड के 21 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित दल प्रभारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा ग्राम स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को डौण्डी विकासखण्ड के चयनित ग्रामों में जनजातीय वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के चयनित 66 गांवों में आदिवासी विकास के योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक गांवों से 20-20 वालंटियर्स का चयन किया गया है। इन वालंटियर्स में से 05 वालंटिसर्य को मास्टर ट्रेनर्स बनाया गया है। इन सभी चयनित मास्टर ट्रेनर्स को आज जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला सह प्रशिक्षण में आदिवासी परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ज्ञातव्य हो कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति परिवार के लोगों को 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विशेष सेवा अभियान के दौरान उनके कल्याण एवं विकास हेतु जुड़ी प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रलय द्वारा 10 जुलाई को आदि कर्म योगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। डौण्डी विकासखण्ड के अलावा जिले के सभी विकासखण्डों में भी कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित कर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में जनजातीय विकास एवं कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक गांव के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनपद पंचायत डौण्डी में आयोजित कार्यशाला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों के अलावा जिला एवं प्रत्येक गांवों के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

बच्चों को दी गई प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी

# स्कूलों में मनाया गया विश्व प्राथमिक सहायता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद के वार्षिक कार्ययोजना अनुसार राज्य चेयरमेन तोमन साहू व जिला चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन के आदेशानुसार बुधवार 10 सितंबर को बालोद जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में विश्व प्राथमिक सहायता दिवस का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं जुनियर रेडक्रास अध्यक्ष बालोद पीसी मरकले के मार्गदर्शन में एवं जिला संगठक रेडक्रास बालोद चंद्रशेखर पवार के नेतृत्व में प्राथमिक सहायता दिवस पर जिले के सभी संस्थाओं में विश्व प्राथमिक सहायता दिवस मनाया गया। जुनियर रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद के अध्यक्ष पीसी मरकले ने बताया कि विश्व प्राथमिक सहायता दिवस सितम्बर माह के द्वितीय शनिवार को मनाया जाता है। परन्तु सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में






12 सितम्बर से तिमाही परीक्षा आयोजित है। इसलिए बच्चों को इस दिन की महत्ता को बताने इसका आयोजन 10 सितंबर को किया गया।

छग राज्य के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में भी यह आयोजन किया गया। रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य,सेवा और मित्रता है, जिसमें पीड़ित मानवता की सेवा सर्वोपरि है, जब दुर्घटना होती है तो हम प्राथमिक सहायता नहीं कर पाते क्योंकि हम डरते रहते हैं कि कहीं कुछ गलत ना हो जाए ऐसे में घायल की जान बचाना मुश्किल हो जाता है।

विगत कई वर्षों से रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके तहत प्राथमिक सहायता कब, क्यों और कैसे, देना है के बारे में विस्तार से प्रयोग के साथ बताया जाता है। आज विश्व प्राथमिक सहायता दिवस के साथ स्वच्छता अभियान व पुस्तक वाचन का भी कार्यक्रम किया गया। जिले के विभिन्न संस्था उच्च माध्यमिक विद्यालय माहुद में चन्द्रशेखर साहू, पीआर देवांगन पलारी, नेताम खुटेरी, हल्दी में पुष्पा साहु, सविता रजक भिलाई, रोहित देशमुख कोबा, नरेन्द्र यादव सेजेस अछोली, चिखली में चन्द्रशेखर पवार, राकी राना खुज्जी, सेजेस गुरुर टीके साहु, अर्चना ताम्रकार जुंगेरा, याच्छु चन्द्राकार, कादम्बिनी यादव बड़गांव, भागवत साहु बेलोदा, टीके देशमुख सुरेगाव, राजीव सिन्हा जगतरा, हुमेश साहू सोरर, सोरी सर चिखलाकसा, अमित श्रीवास्तव ज.साकरा, मेघा मानिकपुरी जेवरतला, सिकोसा मधुमाला कौशल, सौरभ शर्मा लोहारा, रौशनी साहू बागतराई एवं अन्य स्कूलों में शिक्षकों द्वारा प्राथमिक सहायता की जानकारी देकर बच्चों के मन से झिझक व डर को कम करने का प्रयास कर प्राथमिक सहायता हेतु सदैव आगे रहने की प्रेरणा दी गई। विभिन्न संस्थाओं में आसपास के डाक्टरों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान किया।

आज प्राथमिक सहायता के अंतर्गत सीपीआर, डॉग, मंकी, स्नेकबाइट, स्ट्रेचर, फ्रैक्चर, दमा, ड्राउंनिंगके संबंध में विस्तार से बताया गया। साथ ही मौसमी बिमारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

## संजारी में छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में छात्रों ने शिक्षक दिवस का आयोजन किया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी सहित समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं पूजा इंदौरिया, पल्लवी यदु व गिरिजा खरे ने अपने विचार व्यक्त किये व पूजा इंदौरिया तथा चांदनी साहू ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ के लिए कई रोचक गेम रखा गया। कार्यक्रम में काजल, भाविता और दिव्या ने गीत प्रस्तुत किया। संचालन कुमकुम यादव ने किया। सफल आयोजन के लिए प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने बच्चों की सराहना की।

## खबर संक्षेप




### जनजातीय परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने दीवारों पर लिखा संदेश

**बालोद।** भारत सरकार के द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के चयनित 186 गांवों में जनजातीय समाज के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने हेतु दीवाल लेखन के माध्यम से आदि कर्मयोगी अभियान की जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुत डौण्डी विकासखण्ड के नर्रालगुरा, खल्लारी, कुआगोंदी, चिखली आदि सुदूर वनांचल के ग्राम पंचायतों में दिवाल लेखन के माध्यम से समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिससे कि जनजातीय परिवार के सभी लोगों को उनके लिए संचालित शासकीय योजनाओं से शतप्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराई जा सके।

### सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



**जामगांव आर।** एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जामगांव आर किसान चौक में भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल स्तरीय नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए भारत माता की जयकारा लगाए। भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, महामंत्री निर्मल जैन पूर्णेंद्र सिन्हा, भाजपा नेता नेतराम निषाद, भगवान चंद्राकर, नरेश केला, बेनीराम साहू, जिनेश जैन, मेघनाथ सागरवंशी, अंगेश्वर साहू सहित मंडल स्तरीय भाजपा नेताओं ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति निर्वाचित होना एनडीए की बड़ी कामयाबी है। हमारे नेता नरेंद्र मोदी की देश भक्ति की जीत है।

### श्रीबाबा विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना 17 सितंबर को

**बालोद।** श्री विश्वकर्मा पूजा समिति एवं कारखाना परिवार द्वारा मां दंतेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना बालोद द्वारा 17 सितंबर को बाबा विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना एवं पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे 17 सितंबर को बाबा विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना एवं पूजा सुबह 9 बजे से किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही 18 सितंबर को सुबह 9 बजे हवन कार्यक्रम व दोपहर 2 बजे विर्सजन यात्रा निकाली जाएगी।

### डिजिटल सर्वे 15 तक जमा करनी होगी रिपोर्ट

**दुर्ग।** जिले में प्राकृतिक आपदा की वजह से हुए नुकसान को लेकर फसल का डिजिटल सर्वे होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में डिजिटल फसल सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त सर्वेक्षणकर्ताओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाएं ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## गणेश विसर्जन की शोभायात्रा में मनोरम झांकियां






**बालोद।** शहर में भगवान गणेश के विसर्जन के अवसर पर निकाली गई, झांकियो के दौरान देर रात तक शहर व आस पास के गांवो के लोगो की भीड़ झांकी देखने जुटी रही। जहां शहर में देर रात विभिन्न समितियो द्वारा निकाली गई झांकिया डीजे व धुमाल की धुन में देर रात तक शहर का भ्रमण करती रही, इसी दौरान शहर के साथ आस पास के गांवो से पहुंचे युवक, युवतियां व पुरूश व महिलाएं झांकिया देखने पहुंचे थें। इस दौरान डीजे की धुन में सभी थिरकते नजर आए।

### कार्यक्रम : समिति की आमसभा में सदस्यों ने रखे सुझाव, भविष्य की योजनाओं पर हुई चर्चा

# किसान विपणन सहकारी समिति की 43वीं आम सभा का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित गुण्डरदेही में 43 वें आम सभा का आयोजन सोमवार को संस्था परिसर मे हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, प्राधिकृत अधिकारी विजय कुमार सिंह एवं प्रबंधक सोमेंद्र साहू ने की।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुल्हारे पूर्व उपाध्यक्ष ने किया। इस आम सभा में वर्ष 2024 – 25 के वित्तीय पत्र का अनुमोदन वर्ष 24 – 25 के संस्था द्वारा किए गए व्यवसाय एवं लाभ हानि पत्रक समस्त सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। वर्ष 2024– 25 में किए गए व्यवसाय में शुद्ध लाभ 10 लाख 33 हजार 596 रुपए हुआ। वर्ष 25 की स्थिति में संस्था का संचित लाभ 37 लाख 14374 रुपए है, इस वर्ष में किए गए समस्त लाभ हानि के मद व्यय का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2024 – 25 का स्वी—त बजट के कमी आधिक्य का अनुमोदन किया गया वर्ष 2025– 26 में अनुमानित प्रस्तावित बजट का अनुमोदन किया गया वर्ष 2025 – 26 के लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण सहकारिता विभाग से करने का प्रस्ताव अनुमोदन किया गया।




प्रबंधक सोमेंद्र साहू ने बताया कि किसान सहकारी विपणन समिति में 363 सदस्य हैं, जिसमें व्यक्तिगत 341 सदस्य सेवा सहकारी समितियां 21 सदस्य राज्य शासन से एक सदस्य है। संस्था के पास 31 मार्च 2025 की स्थिति में 250 उचित मूल्य की दुकान है जिसमें दो शहरी क्षेत्र में संचालित है एवं संस्था का स्वयं का एक व्यावसायिक परिसर है जिसमें 6 दुकान है जिसे किराए पर आवंटित किया गया है यही संस्था का मुख्य आय का स्त्रोत है। संस्था के वित्तीय स्थिति संस्थान निरंतर विगत 10 वर्ष से निरंतर लाभ की ओर अग्रसर है संस्था के पास अपनी स्वयं की पूंजी के रूप में एक करोड़ 16 लाख रुपए फिक्स्ड डिपॉजिट है जिसे संस्था को प्रतिवर्ष 7 लाख रुपए का ब्याज प्राप्त हो रहा है। किसान विपणन सहकारी समिति के सदस्यों को बोनस के तौर पर उपहार दिया गया।

मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि मार्केटिंग सोसायटी के बाउंड्रीवाल के लिए शासन से राशि स्वीकृत कराएंगे मार्केटिंग सोसायटी की साइड में 10 दुकानों का निर्माण कराएंगे ऑफिस एवं मीटिंग हॉल बनाने के लिए व्यवसायिक प्रयोजन हेतु शासन को पत्र भेज कर राशि स्वीकृत कराएंगे। साथ ही मार्केटिंग सोसाइटी में 2025 – 26 में 15 लाख रुपए शुद्ध लाभ का अनुमानित बजट पारित किया गया।

## राज्य ग्रामीण बैंक ने केवाईसी के लिए पेरपार और चारभाटा में लगाया शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा पेरपार और चारभाटा पंचायत में एक–एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संबंधित खातों की पुनः केवाईसी की गई।

महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर मनीषा पराशर ने शिविर का दौरा किया और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा की। बकाया खातों के केवाईसी विवरणों के पुनः सत्यापन के महत्व पर जोर देते हुए महाप्रबंधक ने प्रतिभागियों को ऐसे खाते के पुनः केवाईसी पूरा करने के लिए शिविर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उन्हें विभिन्न बैंकिग सेवाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें।

शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 और दावा न की गई जमाराशियों के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपनाई जाने वाले अच्छी आदतों को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया। शिविर में म्यूल खातों के संबंध में विस्तार से समझाया गया और लोगों को इसके बारे में सजग किया गया।

शिविर में पेरपार और चारभाटा ग्राम पंचायत व आस पास के क्षेत्रों के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आम जनता द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया। शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अलावा, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिन्होंने निवासियों को पुनः केवाईसी प्रक्रिया मे सहायता प्रदान की।

अग्रणी जिला प्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेरपार शिविर और चारभाटा शिविर मे क्रमशः 40 खातो और 52 खाते की पुनः केवाईसी की गई।

## मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री व परिवहन पर रोक लगाने समन्वय समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में व्यापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों का अनाधिकृत व्यवसायियों का व्यापक और प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिले में मादक पदार्थों के अवैध खरीदी, बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर वन विभाग के अधिकारियों से जिले के वन मार्गो में स्थित चेक पोस्ट में सीसीटीवी कैमरा लगाने के कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों के बिक्री पर पूर्णतः रोकथाम सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा आम नागरिकों को नशापान से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु नशापान के दुष्प्रभावों के संबंध में समुचित बैनर, पोस्टर आदि लगाकर तथा दीवाल लेखन आदि के माध्यम से समुचित प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।

## करारोपण अधिकारी नारायण सिंह की सेवानिवृत पर ग्रामवासी ने किया भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम बड़भूम में नारायण सिंह कुरैटी को करारोपण अधिकारी के रूप में सेवानिवृत होने पर अधिकारी कर्मचारी समिति बढ़भूम एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा सम्मान किया गया।

नारायण कुरैटी जनपद पंचायत चारामा जिला कांकेर में पदस्थ थे, अविभाजित मध्यप्रदेश के समय ग्रामसेवक के रूप शासकीय सेवा कार्य की शुरुवात कर बस्तर संभाग के गीदम सुकमा में सेवा देकर चारामा जनपद पंचायत में कार्यरत थे, जनपद पंचायत चारामा में विभागीय विदाई के पश्चात सर्वप्रथम गृह ग्राम बड़भूम आगमन पर अधिकारी कर्मचारी समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासी भी शामिल हुए मां शीतला के आशीर्वाद लेकर बाजे गाजे के साथ शीतला मंदिर से निज निवास लाया गया, अधिकारी कर्मचारी समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मान किया गया और उसके आने वाला समय समाज की सेवा में अग्रसर हो ऐसी कामना किए। इस अवसर पर जनपद पंचायत चारामा से साथी कर्मचारी घर तक छोड़ने पहुंचे कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारी समिति के अध्यक्ष एचके कुंजाम, सखाराम कुरैटी, श्याम लाल नेताम, मनोज कुरैटी, भानु राम गोटी, गिरधारी कोरेटी, श्रवण कोरेटी, उपसरपंच रामाधार कुंजाम, नवयुवक मंडल बड़भूम के अध्यक्ष रिमेंद्र कुंजाम, उपाध्यक्ष तरुण मंडावी, सचिव, रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुष्यन्त उईके, कांकेर जिला संघ के अध्यक्ष शंभू साहू, जिला प्रवक्ता भुवन सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष ओमकेश्वर साहू, महेश सिंह सहित परिवारजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।




## खेल प्रतियोगिता में शामिल होने 25 तक रजिस्ट्रेशन अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत जिले के ग्रामीण, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिला पंचायत में उक्त आयोजन के संबंध में बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए युवाओं को वेबसाईट में 25 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने बताया कि जिले में सांसद खेल महोत्सव तीन स्तरों पर आयोजित होगा। जिसमें 03 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक ग्रामीण स्तर, 05 नवम्बर से 10 नवम्बर तक विधानसभा स्तर तथा 23, 24 और 25 दिसंबर को लोकसभा स्तर, जिसमें समापन समारोह भी शामिल होगा।

■ आयु वर्ग स्तर पर होगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

इस खेल महोत्सव में तीन आयु वर्गों 18 वर्ष तक, 18–40 वर्ष, और 40 वर्ष से अधिक के महिला व पुरूष प्रतिभागियों को शामिल होने का मौका मिलेगा। महोत्सव में विविध खेल और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें खो–खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, गेड़ी दौड़, गिल्ली–डंडा, और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं। इसके साथ ही फिट इंडिया कार्निवल और मनोरंजन गतिविधियों का भी आयोजन होगा, जो प्रतिभागियों के लिए आनंददायक अनुभव लेकर आएगा।

### शहर-गांव की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, प्रशासन मौन

# भाजपा सरकार की 'गौधाम' योजना धरातल से गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

शहर और ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गया है। मुख्य मार्गों से लेकर गली-चौराहों तक जहां देखो वहीं दर्जनों की संख्या में मवेशी बैठे या घूमते नज़र आते हैं। नतीजा यह है कि आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों को हादसों का शिकार होना पड़ता है।

कई बार जानलेवा दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, बावजूद इसके प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। जिला कलेक्टर के आदेशों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और नगर पालिका और प्रशासन किसी भी तरह की ठोस कार्रवाई करने से बच रहे हैं। नतीजा यह है कि शहर की तस्वीर दिनोंदिन और भयावह होती जा रही है।



### गोठान बने, लेकिन बंद पड़े

पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने प्रत्येक गांव और शहरों में गौठान बनाकर मवेशियों के सुरक्षित आश्रय का रास्ता खोला था। इन गौठानों में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद थीं, लेकिन लापरवाही से वे अब बंद पड़े हैं। वर्तमान सरकार ने नई योजना 'गौधाम' का ऐलान तो किया, लेकिन यह फिलहाल महज़ कागजों तक ही सिमटी हुई है। धरातल पर किसी भी प्रकार की व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है।

**सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा:** दल्लीराजहरा शहर के चिखलाकसा, अरमुरकसा, पथराटोला, कुसुमकसा, चिखली, बोरगांव, ठेमाबुजुर्ग समेत आसपास के गांवों की मुख्य सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। लोग रोज़ाना जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। वाहन चालकों को अचानक सड़क पर बैठे मवेशियों से टकराने का खतरा बना रहता है। कई जगहों पर तो गंभीर हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई सबक नहीं सीखा।

### किसानों की बढ़ी चिंता

सिर्फ सड़कों पर ही नहीं, बल्कि खेतों में भी इन आवारा मवेशियों का आतंक है। गांवों की ओर बढ़ते मवेशियों के झुंड किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण लगातार शिकायतें कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411